प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'ग्यारह'

[9/3/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 3494]

परिशिष्ट- प्रपत्र"अ"

अतारांकित प्रश्न क्र. 3494 के संबंध में टीप

माननीय मुख्य मंत्री जी, द्वारा 21 जून 2007 को गुढ़ में आयेजित आम सभा में गुढ़–मऊगंज उद्वहन सिंचाई परियोजना की घोषणा की गई थी। तदानुसार मध्यप्रदेश शासन जल संसाधन विभाग के पत्र क्र. 21 (ए) 64–33/04/एम पी एस/31/2473 भोपाल दिनांक 16.11.2007 के द्वारा योजना को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई थी।

गुढ़–मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना की मुख्य नहर क्योटी नहर के 4.58 कि.मी. से निर्गत् होती है। योजनान्तर्गत गुढ़–मऊगंज क्षेत्र के 198 ग्रामों की 19723 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करने का प्रस्ताव था। उक्त 198 ग्रामों में से 69 ग्राम मऊगंज तहसील के अन्तर्गत आते थे जिनका सैंच्य क्षेत्र 6241.00 हेक्टेयर था। तत्कालीन मऊगंज विधानसभा के अंतर्गत मऊगंज तहसील के 69 ग्रामों मे से कौन–कौन गांव शामिल थे तथा उनका रकवा क्या था, इसकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। नईगढ़ी नवीन तहसील के उद्भव के कारण उक्त ग्रामों में से अधिकांश ग्राम नईगढ़ी तहसील में समाहित हो गये, जो कि देवतालाब विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत चले गये।

दिनांक 26 एवं 27 जुलाई 2013 को मंत्रालय, भोपाल में प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग के कक्ष में सम्पन्न बैठक में सूखा प्रभावित मऊगंज तहसील के ज्यादा बड़े भू–भाग में सिंचाई सुविधा विस्तारित करने की दृष्टि से बाणसागर मुख्य बांध से 332 मी. स्तर पर बहुती उच्च स्तरीय नहर के निर्माण करने का निर्णय लिया गया। चूँकि गुढ़–मऊगंज उद्वहन सिंचाई से मऊगंज विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत प्रस्तावित सैंच्य क्षेत्र बहुती उच्च स्तरीय नहर के सैंच्य क्षेत्र से अच्छादित हो रहा था। अतएव शासन स्तर पर निर्णय लिया गया गुढ़ मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना का निर्माण कार्य उक्त क्षेत्र में न किया जावे।

बहुती उच्च स्तरीय नहर निर्माण के पूर्ण होने पर मऊगंज विधान सभा क्षेत्र में पूर्व में गुढ़–मऊगंज उद्वहन सिंचाई योजना से प्रस्तावित सिंचित क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मऊगंज विधान सभा के सूखा ग्रस्त क्षेत्र के अधिक से अधिक भाग में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए ही शासन स्तर पर बहुती उच्च स्तरीय नहर निर्माण की संकल्पना की गई। योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है, बहुती नहर से निकलने वाली नईगढ़ी दबाव सिंचाई येजना से मऊगंज विधान सभा क्षेत्र में बाणसागर परियोजना का पानी सिंचाई हेतु उपलब्ध कराया जा सकेगा।

यह उल्लेखित किया जाता है कि वर्ष 2007 में जिस समय पर गुढ़ म ऊ गंज उद्वहन सिंचाई योजना की घोषणा की गई थी तत्समय मऊगंज तहसील के 69 ग्रामों की 6241 हेक्टेयर भूमि सिंचित करने का लक्ष्य था, परन्तु कालान्तर में नईगढ़ी तहसील का गठन हो जाने के कारण मऊगंज तहसील के अन्तर्गत आने वाला अधिकांश सैंच्य क्षेत्र नईगढ़ी तहसील में चला गया जो देवतालाब विधान सभा क्षेत्र में आ रहा है। बहुती उच्च नहर से निकलने वाली नईगढ़ी दबाव पद्धति सिंचाई योजना से मऊगंज विधान सभा क्षेत्र के 19 गांवों की 1570 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी ।

मुख्य अभियंता
गंगा कछार रीवा (म0प्र0)

b.s.11/2016

प्रपत्र (ख)

नईगढ़ी दबाव सिंचाई योजना से मऊगज विधानसभा क्षेत्र में सिचाई सुविधा

स. क्र	गांव का नाम	पटवारी हल्का	तहसील	जी.सी.ए.(हे0)	सी.सी.ए.(हे.)
1	कोन	मुदरिया चौगान	मऊगंज	125 हे0	100.88
2	मुदरिया चौगान	मुदरिया चौगान	मऊगंज	380 हे0	292.196
3	ढढ़नी				
4	दुबगवां दुबान	हिडवार	मऊगंज	73 हे0	57.68
5	मुदरिया कप्सान	हिडवार	मऊगंज	134.49 हे0	104.553
6	मुदरिया मु–दुबे	हिडवार	मऊगंज	42.471	36.12
7	मुदरिया रामनारायण	हिडवार	मऊगंज	53.761	37.305
8	हिडवार	हिडवार	मऊगंज	24.47	16.37
9	अतरैला	हिडवार	मऊगंज	135.55 हे0	89.036
10	गोलचुआ	पकरा	मऊगंज	38.37	23
11	डोगबाल	पकरा	मऊगंज	20.75 हे.	14 हे.
12	शुक्ला	पकरा	मऊगंज	184.92हे0	127
13	भदैया–772	पकरा	मऊगंज	9.7 हे	5
14	भदैया–773	पकरा	मऊगंज	11हे.	6.2
15	दुबगवा कुरमियान	पकरा	मऊगंज	2.9हे	1.57
		दुबगवा कुरमियान	मऊगंज	490 हे0	303
16	बमुरिहा इद्रदत्त				
17	बमुरिहा प्राणनाथ	पकरा	मऊगंज	115.84हे	99
18	बमुरिहा श्रीपत	पकरा	मऊगंज	32.24हे	22.09
19	पकरा	पकरा	मऊगंज	28.289हे	18
		पकरा	मऊगंज	311.85हे	217
			योग	2214.601	1570

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग रीवा (म.प्र.)